**SET – 3**

**Series : ONS/1**

कोड नं.
**Code No. 59/1/3**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1–5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **6–10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **11–16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **17** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

(vii) प्रश्न संख्या 22 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न छः अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

**General Instructions :**

(i) *All questions are compulsory.*

(ii) *Questions number **1 – 5** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

(iii) *Questions number **6 – 10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

(iv) *Questions number **11 – 16** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

(v) *Questions number **17 – 21** are of **five** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

(vi) *Question number **21** is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

(vii) *Questions number **22 – 27** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

1. गुट-निरपेक्षता की रणनीति के माध्यम से जवाहरलाल नेहरू किन दो लक्ष्यों को प्राप्त कर लेना चाहते थे ? $2 \times \frac{1}{2} = 1$

Which two objectives Jawaharlal Nehru wished to achieve through the strategy of Non-alignment ?

2. दोनों में से अधिक अनिवार्य कौन सा है और क्यों – बड़े बाँधों का निर्माण अथवा इसका विरोध करने वाले पर्यावरण संबंधी आंदोलन ? 1

Which one of the two is more essential – construction of mega dams or an environmental movement that opposes it and why ?

3. बर्लिन की दीवार से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक सही नहीं है ? 1

(a) यह पूँजीपति तथा साम्यवादी विश्व के बीच विभाजन का प्रतीक थी ।
(b) इसका निर्माण द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत पश्चात् किया गया ।
(c) लोगों द्वारा इसे 9 नवम्बर, 1989 को तोड़ दिया गया ।
(d) यह जर्मनी के दोनों भागों के एकीकरण का प्रतीक था ।

Which one of the following statements about the Berlin war is false ?

(a) It symbolized the division between the Capitalist and the Communist world.
(b) It was built immediately after the Second World War.
(c) It was broken by the people on 9th November, 1989.
(d) It marked the unification of the two parts of Germany.

4. चिपको आंदोलन के सर्वाधिक अनूठे पहलू को उजागर कीजिए । 1

Highlight the most novel aspect of the Chipko Movement.

5. आसियान (ए.एस.ई.ए.एन.) की स्थापना क्यों की गई ? 1

Why was ASEAN established ?

6. शीत युद्ध के काल में किन दो विचारधाराओं में तनाव चल रहा था और क्यों ? 2 × 1 = 2

Which two ideologies were involved in a conflict during the Cold War era and why ?

7. हालांकि 1950 के दशक में, देश के शेष हिस्सों को भाषायी आधार पर पुनर्गठित किया गया था, लेकिन पंजाब को 1966 तक प्रतीक्षा क्यों करनी पड़ी ? 2

While the rest of the country was reorganized on linguistic lines in 1950s, why had Punjab to wait till 1966 ?

8. "स्वतंत्र भारत के नेता राजनीति को समस्या के रूप में नहीं देखते थे; वे राजनीति को समस्या के समाधान का उपाय मानते थे ।" आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ? 2

"The leaders of the newly independent India did not see politics as a problem; they saw it as a way of solving the problems." How far do you agree with the statement ?

9. पूर्वोत्तर भारत का पुनर्गठन कैसे और कब तक पूरा किया गया ? 2

How was the reorganization of North-East India completed and by when ?

10. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए : 4 × ½ = 2

| | (A) | | (B) |
|---|---|---|---|
| (a) | राजनीति से प्रेरित विवादास्पद नियुक्ति | (i) | चारु मजूमदार |
| (b) | 1974 में रेलवे की हड़ताल का नेतृत्व किया | (ii) | जयप्रकाश नारायण |
| (c) | नेहरू मंत्रिमंडल में शामिल होने से इन्कार | (iii) | जॉर्ज फर्नांडिस |
| (d) | पुलिस हिरासत में मौत | (iv) | न्यायमूर्ति ए.एन. रे |

Match the following :

| | (A) | | (B) |
|---|---|---|---|
| (a) | A politically controversial appointment | (i) | Charu Majumdar |
| (b) | Led the Railway strike in 1974 | (ii) | Jayaprakash Narayan |
| (c) | Declined to join Nehru's Cabinet | (iii) | George Fernandes |
| (d) | Died in police custody | (iv) | Justice A.N. Ray |

11. चीन की अर्थव्यवस्था में तो सुधार हुआ है, परंतु वहाँ प्रत्येक चीनी को सुधारों का लाभ क्यों नहीं पहुँचा ? कोई चार कारण स्पष्ट कीजिए । $4 \times 1 = 4$

While the Chinese economy has improved dramatically, why has every Chinese not received the benefits of the reforms ? Give any four reasons.

12. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के प्रश्न पर कई देशों को एतराज़ क्यों है ? स्पष्ट कीजिए । 4

Why do some countries question the issue of India's inclusion as a permanent member of the U.N. Security Council ? Explain.

13. पर्यावरण हानि की चुनौतियों से निपटने में, पर्यावरण आंदोलनों की भूमिका की व्याख्या कीजिए । 4

Explain the role of Environmental Movements to meet the challenge of Environmental Degradation.

14. कांग्रेस पार्टी की गठबंधनी प्रकृति ने, किस प्रकार कांग्रेस को असाधारण ताकत दी ? 4

How did the coalition-like character of the Congress Party give it an unusual strength ?

15. 1977 के चुनावों को जनता पार्टी ने किस प्रकार 1975 में लगाए गए आपातकाल के ऊपर जनमत संग्रह का रूप दे दिया ? व्याख्या कीजिए । 4

How did Janata Party make the 1977 elections into a referendum on the Emergency imposed in 1975 ? Explain.

16. भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था के मॉडल के प्रमुख परिणामों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । 4

Critically examine the major outcomes of the Indian model of mixed economy.

17. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

भारत ने जब अपना पहला परमाणु परीक्षण किया तो इसे उसने शांतिपूर्ण परीक्षण करार दिया । भारत का कहना था कि वह अणुशक्ति को सिर्फ शांतिपूर्ण उद्देश्यों में इस्तेमाल करने की अपनी नीति के प्रति दृढ़ संकल्प है । जिस वक्त परमाणु परीक्षण किया गया था वह दौर घरेलू राजनीति के लिहाज से बड़ा कठिन था । 1973 में अरब-इजरायल युद्ध हुआ था । इसके बाद पूरे विश्व में तेल के लिए हाहाकार मचा हुआ था । अरब राष्ट्रों ने तेल के दामों में भारी वृद्धि कर दी थी । भारत इस वजह से आर्थिक समस्याओं से घिर गया । भारत में मुद्रास्फीति बहुत ज्यादा बढ़ गई ।

(i) भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण कब किया और क्यों ?

(ii) भारत ने जब परमाणु परीक्षण किया, उस काल को भारत की घरेलू राजनीति का, सबसे कठिन काल क्यों समझा जाता है ?

(iii) 1970 के दशक के प्रारंभ में घटित किस अंतर्राष्ट्रीय घटना के कारण भारत में मँहगाई बहुत बढ़ गयी थी ?

Read the following passage carefully and answer the following questions :

When India conducted its first nuclear test, it was termed as peaceful explosion. India argued that it was committed to the policy of using nuclear power only for peaceful purposes. The period when the nuclear test was conducted was a difficult period in domestic politics. Following the Arab-Israel War of 1973, the entire world was affected by the Oil Shock due to the massive hike in the oil prices by the Arab nations. It led to economic turmoil in India resulting in high inflation.

(i) When did India conduct its first nuclear test and why ?

(ii) Why was the period, when the nuclear test was conducted in India, considered to be a difficult period in domestic politics ?

(iii) Which international event of 1970s was responsible for high inflation in India ?

18. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 2 + 2 = 5**

हर देश को पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की ओर पूरी तरह मुड़ना था । इसका मतलब था कि इस दौर की हर संरचना से पूरी तरह निजात पाना । 'शॉक थेरेपी' की सर्वोपरि मान्यता थी कि मिल्कियत का सबसे प्रभावी रूप निजी स्वामित्व होगा । इसके अंतर्गत राज्य की संपदा के निजीकरण और व्यावसायिक स्वामित्व के ढाँचे को तुरंत अपनाने की बात शामिल थी । सामूहिक 'फार्म' को निजी 'फार्म' में बदला गया और पूँजीवादी पद्धति से खेती शुरू हुई । इस संक्रमण में किसी भी वैकल्पिक व्यवस्था या 'तीसरे रुख' को मंजूर नहीं किया गया ।

(i) ऐसे दो देशों के नाम लिखिए जिन्हें अपनी व्यवस्था में पूरी तरह से परिवर्तन लाना था ।

(ii) सामूहिक फार्मों को निजी फार्मों में क्यों बदला जाना था ?

(iii) क्योंकि किसी तीसरे रास्ते की कोई सम्भावना नहीं थी, तो अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पहले दो रास्ते कौन से थे ?

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Each of these countries was required to make a total shift to a capitalist economy, which meant rooting out completely any structures evolved during this period. Above all, it meant that private ownership was to be the dominant pattern of ownership of property. Privatization of state assets and corporate ownership patterns were to be immediately brought in. Collective farms were to be replaced by private farming and capitalism in agriculture. This transition ruled out any alternate or 'third way'.

(i) Name any two countries which were required to make a total shift.

(ii) Why were the collective farms to be replaced by private farming ?

(iii) Since the 'third way' had been ruled out, what were the only two ways of controlling the economy ?

19. नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 1 + 2 = 5**





(i) दिए गए कार्टून से किन्हीं चार राष्ट्रीय नेताओं की पहचान कीजिए तथा प्रत्येक की क्रम संख्या भी लिखिए ।

(ii) भारत के प्रधान मंत्री के रूप में नेता न. 2 के कार्यकाल का सबसे विवादास्पद मुद्दा क्या था ?

(iii) 1989 के लोक सभा निर्वाचन में, क्रम संख्या एक के नेतृत्व वाले दल की स्थिति क्या थी ?

Study the cartoon given below and answer the following questions :




(i) Identify any four national leaders from the above cartoon and mention the serial number of each.

(ii) Which was the most controversial issue of the period related to leader No.2 as Prime Minister of India ?

(iii) What was the position of the party led by leader No.1 in the Lok Sabha elections of 1989 ?

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर हैं ।

**2 + 1 + 2 = 5**

(19.1) 1984 के लोक सभा निर्वाचन में किस दल ने सर्वाधिक सीटे जीतीं और किसके नेतृत्व में ?

(19.2) 1990 में राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार ने कौन सा सर्वाधिक विवादास्पद निर्णय लिया ?

(19.3) किस प्रधान मंत्री ने नए आर्थिक सुधारों की शुरूआत की तथा इसका क्या परिणाम निकला ?

**Note :** This following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **19.**

(19.1) Which party had won the maximum number of seats in Lok Sabha Elections of 1984 and under whose leadership ?

(19.2) What was the most controversial decision taken by the National Front Government in 1990 ?

(19.3) Which Prime Minister started the new economic reforms and what was its outcome ?

20. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

सबसे सीधा-सरल विचार यह है कि वैश्वीकरण के कारण राज्य की क्षमता यानी सरकारों को जो करना है उसे करने की ताकत में कमी आती है । पूरी दुनिया में कल्याणकारी राज्य की धारणा अब पुरानी पड़ गई है और इसकी जगह न्यूनतम हस्तक्षेपकारी राज्य ने ले ली है । राज्य अब कुछेक मुख्य कामों तक ही अपने को सीमित रखता है, जैसे कानून और व्यवस्था को बनाये रखना तथा अपने नागरिकों की सुरक्षा करना । इस तरह के राज्य ने अपने को पहले के कई ऐसे लोक-कल्याणकारी कामों से खींच लिया है जिनका लक्ष्य आर्थिक और सामाजिक-कल्याण होता था । लोक-कल्याणकारी राज्य की जगह अब बाज़ार आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं का प्रमुख निर्धारक है ।

(i) 'राज्य की क्षमता में कमी आना' एक उदाहरण द्वारा इन शब्दों का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'कल्याणकारी राज्य' की धारणा का स्थान 'न्यूनतम हस्तक्षेपकारी राज्य' क्यों ले रहा है ?

(iii) बाज़ार किस प्रकार सामाजिक प्राथमिकताओं का मुख्य निर्धारक बन गया है ?

Read the following passage carefully and answer the following questions :


At the most simple level, globalisation results in an erosion of state capacity, that is, the ability of government to do what they do. All over the world, the old 'welfare state' is now giving way to a more minimalist state that performs certain core functions such as the maintenance of law and order and the security of its citizens. However, it withdraws from many of its earlier welfare functions directed at economic and social well-being. In place of the welfare state, it is the market that becomes the prime determinant of economic and social priorities.

(i) What do the words 'erosion of state capacity' imply ? Explain with the help of an example.

(ii) Why is the concept of welfare state giving way to a minimalist state ?

(iii) How has market become the prime determinant of social priorities ?

21.




ऊपर दिए गए दक्षिण एशिया के रेखा-मानचित्र में, पाँच देशों को (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में उनके सही नामों के साथ, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर भी नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए । **5 × 1 = 5**

| प्रयोग की गई सूचना का क्रमांक | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| | | |

(i) एक महत्त्वपूर्ण देश परंतु उसे दक्षिण एशिया का भाग नहीं समझा जाता ।

(ii) इस देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था सफल रही है ।

(iii) इस देश में सैनिक तथा असैनिक दोनों प्रकार के शासक रहे हैं ।

(iv) वह देश जहाँ संवैधानिक राजतंत्र रहा है ।

(v) एक द्वीपीय राष्ट्र जो 1968 तक एक सल्तनत था ।

In the given political outline map of South Asia, five countries have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book along with their respective serial number of the information used and the concerned alphabets as per the following format :

| Sr. No. of the information | Alphabet | Name of Country |
|---|---|---|
| | | |

(i) An important country but it is not considered to be a part of South Asia.

(ii) The country has a successful Democratic System.

(iii) This country has had both Civilian and Military rulers.

(iv) This country had Constitutional Monarchy.

(v) An Island nation which was a Sultanate till 1968.

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं । **2 + 1 + 2 = 5**

(21.1) दक्षिण एशिया में प्राय: कौन-कौन से देश शामिल किए जाते हैं ?

(21.2) दक्षिण एशिया के कौन से दो देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था सफलतापूर्वक चल रही है ?

(21.3) दक्षेस (SAARC) तथा साफ्टा (SAFTA) के विस्तृत रूप लिखिए ।

**Note :** The following questions are for **visually impaired candidates** only in lieu of Q. No. **21**.

(21.1) The expression 'South Asia' usually includes which countries ?

(21.2) Which two countries of South Asia have successfully operated democratic system ?

(21.3) Write the full forms of SAARC and SAFTA.

22. लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के पश्चात्, इंदिरा गांधी को प्रधान मंत्री बनाने में सहायक परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए । इंदिरा गांधी को प्रधान मंत्री के रूप में लोकप्रियता प्रदान करने वाली किन्हीं चार उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए । **2 + 4 = 6**

**अथवा**

25 जून, 1975 को भारत में आपात स्थिति की घोषणा किए जाने के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए । **6**

Analyse the circumstances that favoured Indira Gandhi to become Prime Minister after the death of Lal Bahadur Shastri. Mention any four achievements of Indira Gandhi that made her popular as a Prime Minister.

**OR**

Analyse the circumstances responsible for the declaration of a state of emergency in India on 25th June, 1975.

23. “क्षेत्रीय माँगों को मानना और भाषा के आधार पर नए राज्यों का गठन करना, एक लोकतांत्रिक कदम के रूप में देखा गया ।” इस कथन को न्यायोचित सिद्ध करने के लिए कोई तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में अपनाए जाने वाले आर्थिक विकास के मॉडल से संबंधित सहमति तथा असहमति के विभिन्न क्षेत्रों का परीक्षण कीजिए । $3 + 3 = 6$

“The accommodation of regional demands and the formation of linguistic states were also seen as more democratic.” Justify the statement with any three suitable arguments.

**OR**

Examine the different areas of agreement and disagreement with respect to the model of economic development to be adopted in India after independence.

24. शीत युद्ध के पश्चात् आए ऐसे किन्हीं छः बदलावों का उल्लेख कीजिए जिनके कारण संयुक्त राष्ट्र की कार्यशैली को बेहतर बनाने के लिए सुधार लाना आवश्यक हो गया है । $6 \times 1 = 6$

**अथवा**

आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा की पारंपरिक धारणाओं से क्या अभिप्राय है ? व्याख्या कीजिए । $3 + 3 = 6$

State any six post Cold War changes that have necessitated reforms to make the U.N. work better.

**OR**

What is meant by traditional notions of internal and external security ? Explain.

25. संयुक्त राज्य अमरीका के साथ भारत के सम्बन्ध किस प्रकार के होने चाहिए ? इसके बारे में, भारत के अंदर तीन विभिन्न दृष्टिकोणों का विश्लेषण कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

ऐसे किन्हीं तीन प्रमुख कारकों का मूल्यांकन कीजिए जो यूरोपीय संघ को आर्थिक सहयोग वाली संस्था से बदल कर, एक राजनैतिक रूप देने के लिए उत्तरदायी हैं । $3 \times 2 = 6$

Analyse the three different views within India about the type of relationship India should have with the United States of America.

**OR**

Evaluate any three major factors responsible for making the European Union a political force from being an economic force.

26. सोवियत संघ में सोवियत व्यवस्था की किन्हीं तीन सकारात्मक तथा तीन नकारात्मक विशेषताओं को उजागर कीजिए। 3 + 3 = 6

अथवा

यह कहना कहाँ तक उचित है कि शीत युद्ध के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों का निर्धारण महाशक्तियों की जरूरतों और छोटे देशों की लाभ हानि के गणित से होता था ? व्याख्या कीजिए। 6

Highlight any three positive and three negative features each of the Soviet system in the Soviet Union.

**OR**

How far is it correct to say the international alliances during the Cold War era were determined by the requirements of the superpowers and the calculations of the smaller states ? Explain.

27. सरदार सरोवर परियोजना क्या है ? यदि यह परियोजना सफल हो जाए, तो इससे किन लाभों की अपेक्षा की जाती है ? इससे संबंधित पुनराबंटन एवं पुनर्वास के मुद्दों का भी उल्लेख कीजिए। 2 + 2 + 2 = 6

अथवा

विविधताओं का सम्मान करते हुए, भारत में एकता को बनाए रखने के प्रयास में, अनेक ऐसे कठिन मुद्दे हैं, जिनसे निपटना अभी बाकी है। तनाव के ऐसे किन्हीं तीन मुद्दों का वर्णन कीजिए। 3 × 2 = 6

What is Sardar Sarvovar Project ? Which benefits are expected to be if the project becomes successful ? Also state the issues of relocation and rehabilitation associated with it.

**OR**

While trying to forge and retain unity in diversity in India, there are many difficult issues which are yet to be tackled. Describe any three such areas of tension.